नवंबर 2023 के महीने के दौरान मंत्रालय द्वारा निम्नलिखित महत्वपूर्ण गतिविधियां की गईं:

1. दिव्यांग बच्चों के लिए आंगनवाड़ी प्रोटोकॉल का शुभारंभ

माननीया महिला एवं बाल विकास मंत्री द्वारा 28 नवंबर, 2023 को विज्ञान भवन में एक राष्ट्रीय आउटरीच कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों के लिए आंगनवाड़ी प्रोटोकॉल को लॉन्च किया गया। इस प्रोटोकॉल के तहत, आंगनवाड़ी केंद्रों के सभी बच्चों का उनकी विकासपरक उपलब्धि में देरी के लिए मूल्यांकन किया जाएगा और उनके शुरुआती संकेतों और लक्षणों की जांच की जाएगी, उनके परिवारों को सहायता और रेफरल प्राप्त होंगे।

इस कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, राज्य महिला एवं बाल विकास के वरिष्ठ अधिकारियों, देश भर के आंगनवाड़ी पदाधिकारियों और प्रमुख संगठनों से विशेषज्ञों ने भाग लिया।

2. "लिंग समावेशी वार्ता पर मार्गदर्शिका" का शुभारंभ

माननीया महिला एवं बाल विकास मंत्री ने 28 नवंबर, 2023 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में "लिंग-समावेशी वार्ता पर मार्गदर्शिका" लॉन्च की। यह गाइड मंत्रालय, राष्ट्रीय लिंग एवं बाल केंद्र (एनजीसीसी), एलबीएसएनएए, मसूरी, बीएमजीएफ और यूएन वुमेन जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों का एक सहयोगात्मक प्रयास है। यह गाइड लिंग संबंधी व्यापक पहलुओं के महत्व पर प्रकाश डालती है, और लिंग तटस्थ भाषा पर एक शब्दकोष भी प्रदान करजी है।

3. यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम, 2012 की धारा 4 और 6 के तहत पीड़ितों की देखभाल और सहायता की स्कीम

मंत्रालय ने मिशन वात्सल्य के तहत, पॉक्सो अधिनियम, 2012 (2019 में यथा संशोधित) के तहत पीड़ित बालिकाओं के पुनर्वास के लिए 30 नवंबर, 2023 को "यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम, 2012 की धारा 4 और 6" के तहत पीड़ितों की देखभाल और सहायता की स्कीम" जारी की है।

4. विकसित भारत संकल्प यात्रा - मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय पूरे देश में चल रही **विकसित भारत संकल्प यात्रा** में सक्रिय रूप से शामिल है। मंत्रालय की **"मेरी कहानी मेरी जुबानी (एमकेएमजेड)"** पहल के तहत लाभार्थी अपने अनुभवों और WCD की पोषण अभियान और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) स्कीमों से उनके जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में बात करते हैं।

वीबीएसवाई डैशबोर्ड के अनुसार, **एमकेएमजेड के तहत, पोषण अभियान और पीएमएमवीवाई के 8000 से अधिक लाभार्थियों ने अपने अनुभव बताए हैं।** इसके अलावा, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के तहत स्कीम की परिपूर्णता के लिए यात्रा के दौरान पात्र लाभार्थियों का **"ऑन-स्पॉट पंजीकरण"** भी किया जा रहा है, डब्ल्यूसीडी की विभिन्न स्कीमों के तहत **23 हजार से अधिक ऑन-स्पॉट पंजीकरण की सूचना मिली है।** निरंतर सामुदायिक भागीदारी के लिए, यह जरूरी है कि पोषण संबंधी मुद्दों को सकारात्मक अभिविन्यास के साथ उजागर किया जाए, **"स्वस्थ बच्चे"** की पहचान करने और खुशी मनाने पर जोर दिया जाए। इस पहलू को प्रोत्साहित करने के लिए इन यात्राओं के दौरान **स्वस्थ बालक प्रतिस्पर्धा (एसबीएस) भी चलाई जा रही है,** जिसमें स्वस्थ बच्चों को सम्मानित किया जाता है। अब तक **25 हजार से अधिक स्वस्थ बच्चों को सम्मानित किया जा गया है।**

5. सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 का आयोजन

मंत्रालय ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 के तहत 31.10.2023 से 06.11.2023 तक ***"भ्रष्टाचार का विरोध करे, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे", "भ्रष्टाचार को ना कहें, राष्ट्र के लिए प्रतिबद्ध रहें"*** थीम पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया।

6. संविधान दिवस पर प्रतिज्ञा लेना

'संविधान दिवस' के उपलक्ष्य में, 73वें संविधान दिवस, मंत्रालय में अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रस्तावना शपथ दिलाई गई।